

# भारतीय रियल एस्टेट सेक्टर में वृद्धि की सबसे बड़ी चुनौती

नई दिल्ली

**भारतीय रियल एस्टेट सेक्टर ने पिछले तीन वित्तीय वर्ष में शानदार प्रदर्शन किया है, जिसमें 26.7 अरब डॉलर का इक्विटी निवेश आकर्षित किया गया है। एक रिपोर्ट के अनुसार, मुंबई ने इसमें सबसे अधिक हिस्सा लिया है।**

इस सफलता के पीछे मजबूत पूंजी प्रवाह, निवेशक भावना, और उचित मात्रा में संसाधनों का होना मुख्य कारण बना है। इस सेक्टर की

**साल 2022-24 के दौरान भारत में रियल एस्टेट इक्विटी निवेश 26.7 अरब डॉलर रहा**

वृद्धि में निरंतर तकनीकी और मानव संसाधनों की गहरी समझ, सही निवेशक भावना, और होनहारी रणनीतियों का मतलब है। इस वृद्धि के साथ आते हुए नए चुनौतियों पर ध्यान देना होगा, जो सुनिश्चित करेगा कि सेक्टर विकास के मार्ग में सुधारता करता रहे।

परामर्श कंपनी ने कहा, साल 2022-24 के दौरान भारत में कुल रियल एस्टेट इक्विटी निवेश 26.7 अरब डॉलर रहा। मुंबई 6.9 अरब डॉलर के उच्चतम प्रवाह के साथ रियल एस्टेट इक्विटी निवेश में शीर्ष पर रहा। निवेश में उसकी हिस्सेदारी 26 प्रतिशत रही। इस अवधि के दौरान मुंबई, दिल्ली-एनसीआर और बेंगलुरु ने कुल मिलाकर लगभग 16.5 अरब डॉलर आकर्षित किए, जो कुल मिलाकर 62 प्रतिशत हिस्सा है।

रिपोर्ट 'ब्रिक्स एंड बिलियन्स - मैपिंग द फाइनेंसिंग लैंडस्केप ऑफ रियल एस्टेट में कहा गया, प्रवेश द्वार वाले शहरों का यह निरंतर प्रभुत्व निवेश-ग्रेड परियोजनाओं, मजबूत शहरी बुनियादी ढांचे, कुशल प्रतिभा पूल, परिसंपत्ति वर्गों में मजबूत मांग और लगातार संगठित हो रहे रियल एस्टेट पारिस्थितिकी तंत्र द्वारा प्रेरित था। भूमि/विकास स्थलों ने इक्विटी निवेश का सबसे बड़ा हिस्सा आकर्षित किया, जो कैलेंडर वर्ष 2022-24 के बीच कुल प्रवाह का 44 प्रतिशत था। इसके बाद निर्मित कार्यालय परिसंपत्तियों का स्थान था, जिनकी हिस्सेदारी 32 प्रतिशत थी। कैलेंडर वर्ष 2022 और 2024 के बीच, दूसरी श्रेणी के शहरों में कुल रियल एस्टेट इक्विटी निवेश का लगभग 10 प्रतिशत हिस्सा आया, जो लगभग तीन अरब डॉलर था।

## न्यूज ब्रीफ

### विश्व बैंक ने 2025-26 के लिए भारत के जीडीपी अनुमान को घटाकर 6.3 फीसदी किया





**नई दिल्ली।** विश्व बैंक ने बुधवार को चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारत के विकास दर अनुमान को 0.40 फीसदी घटाकर 6.3 फीसदी कर दिया। विश्व बैंक ने पिछले पूर्वानुमान में वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर 6.7 फीसदी रहने का अनुमान जताया था। विश्व बैंक ने ने अपने द्विवार्षिक क्षेत्रीय दृष्टिकोण में कहा कि भारत में वित्त वर्ष 2024-25 में वृद्धि निराशाजनक रही, क्योंकि निजी निवेश में धीमी वृद्धि हुई तथा सार्वजनिक पूंजीगत व्यय सरकारी लक्ष्यों को पूरा नहीं कर सके। विश्व बैंक के मुताबिक वैश्विक आर्थिक कमजोरी और नीतिगत अनिश्चितता के बीच देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) को घटाने का यह फैसला लिया गया है। टैक्सिंग टाइम्स के दक्षिण एशिया वृद्धि दर अपडेट में कहा गया है, भारत में विकास दर वित्त वर्ष 2024-25 के 6.50 फीसदी से घटकर चालू वित्त वर्ष 2025-26 में 6.3 फीसदी रहने की उम्मीद है। ऐसा मौद्रिक सहजता और विनियामक सरलीकरण से निजी निवेश को होने वाले लाभ के वैश्विक आर्थिक कमजोरी और नीतिगत अनिश्चितता से प्रभावित की आशंका के कारण किया गया है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने एक दिन पहले मंगलवार को चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए विकास दर के पूर्वानुमान को 6.5 फीसदी से घटाकर 6.2 फीसदी कर दिया था। इसके साथ ही वित्त वर्ष 2026-27 के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर के अनुमान को भी 6.5 फीसदी से घटाकर 6.3 फीसदी कर दिया है।

### दस लाख से अधिक कीमत के लक्जरी सामान पर अब एक प्रतिशत टीसीएस




**नई दिल्ली।** दस लाख रुपये से अधिक कीमत वाले हैंडबैग, कलाई घड़ी, जूते और स्पोर्ट्सवियर (खेल-कूद के पहनने वाले उत्पाद) जैसे लक्जरी सामान पर अब एक प्रतिशत 'स्रोत पर कर संग्रह' (टीसीएस) लगेगा। आयकर विभाग ने 22 अप्रैल से 10 लाख रुपये से अधिक की विशिष्ट लक्जरी वस्तुओं की बिक्री पर एक प्रतिशत की दर से टीसीएस की प्रयोज्यता को अधिसूचित किया है। लक्जरी (विलासिता वाली) वस्तुओं के लिए टीसीएस प्रावधान वित्त अधिनियम, 2024 के माध्यम से जुलाई, 2024 में प्रस्तुत बजट के भाग के रूप में पेश किया गया था। टीसीएस एकत्र करने का दायित्व विक्रेता पर होगा, जो अधिसूचित वस्तुओं जैसे कलाई घड़ी, कला वस्तुएं जैसे पेंटिंग, मूर्तियां और प्राचीन वस्तुएं, संग्रहणीय वस्तुएं जैसे सिक्के और टिकट, नौकाएं, हेलीकॉप्टर, लक्जरी हैंडबैग, धूप के चश्मे, जूते, उच्च श्रेणी के खेल परिधान और उपकरण, होम थिएटर सिस्टम और रेसिंग या पोलो के लिए घोड़े आदि के संबंध में होगा ।

### महिंद्रा ने की एक्सईवी 9ई और बीई 6 लॉन्च



**मुंबई।** हाल ही में महिंद्रा एंड महिंद्रा ने एक्सईवी 9ई और बीई 6 लॉन्च की है, तबसे गेम बदल गया है। खास तौर पर एक्सईवी 9ई को लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। हाल ही में डायरेक्टर और एक्टर अनुराग कश्यप ने एक्सईवी 9ई खरीदी और अब ऑस्कर अवॉर्ड विनिंग म्यूजिक डायरेक्टर ए आर रहमान और पॉपुलर एक्ट्रेस कुब्रा सैत ने भी अपने लिए महिंद्रा की यह धांसू इलेक्ट्रिक एसयूवी खरीदी है। म्यूजिक कंपोजर ए आर रहमान और एक्ट्रेस कुब्रा सैत, दोनों ने रेड कलर की एक्सईवी 9ई खरीदी है। माना जा रहा है कि दोनों ने एक्सईवी 9ई का टॉप वेरिएंट खरीदा है, जिसकी एक्स शोरूम प्राइस 30.50 लाख रुपये है। वैसे इस इलेक्ट्रिक एसयूवी की एक्स शोरूम प्राइस 21.90 लाख रुपये से ही शुरू होती है। महिंद्रा की ब्रैंड न्यू इलेक्ट्रिक एसयूवी में 59 केडब्ल्यूएच से लेकर 79 केडब्ल्यूएच तक की बैटरी लगी है, जिनकी सिंगल चार्ज रेंज 542 किलोमीटर से लेकर 656 किलोमीटर तक है। महिंद्रा एक्सईवी 9ई 231 एचपी से लेकर 286 हॉर्सपावर और 380 न्यूटन मीटर तक का पिक टॉर्क जेनरेट करता है। इसमें आपको फास्ट चार्जिंग की भी सुविधा मिलती है। एक्सईवी 9ई महज 6.8 सेकेंड में 0-100 केएमपीएच की टॉप स्पीड पकड़ लेती है। एक्सईवी 9ई में आपको 207 एमएम का ग्राउंड क्लियरेंस मिलता है। बता दें कि इलेक्ट्रिक एसयूवी को लेकर लोगों में क्रेज बड़ी तेजी से बढ़ रहा है ।

# ग्लोबल मार्केट से जोरदार तेजी के संकेत, एशियाई बाजारों में भी चौतरफा लिवाली का रुख

नई दिल्ली

ग्लोबल मार्केट से मजबूती के संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान जबरदस्ती तेजी के साथ बंद हुए। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी मजबूती के साथ कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजारों में भी पिछले सत्र के दौरान लगातार खरीदारी होती रही। एशियाई बाजारों में भी चौतरफा तेजी नजर आ रही है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा यूएस फेड के चेयरमैन जेरोम पॉवेल पर पहले दिए गए बयान से पलट जाने के कारण वॉल स्ट्रीट के सूचकांक पिछले सत्र के दौरान जोरदार मजबूती के साथ बंद हुए। डाउ जॉन्स 1,000 अंक उछल गया। इसी तरह एसएंडपी 500 इंडेक्स ने 129.56 अंक यानी 2.51 प्रतिशत की तेजी के साथ 5,287.76 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा नैस्डेक 429.52 अंक यानी 2.71 प्रतिशत की बढ़त के साथ 16,300.42 अंक के स्तर पर बंद हुआ। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी फिलहाल 479.69 अंक यानी 1.22 प्रतिशत की मजबूती के साथ 39,666.67 अंक के स्तर पर कारोबार करता नजर आ रहा है।

यूरोपीय बाजार में भी पिछले सत्र के दौरान लगातार खरीदारी होती रही। एफटीएसई इंडेक्स 0.64 प्रतिशत की तेजी के साथ 8,328.60 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 0.55 प्रतिशत उछल कर 7,326.47 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा डीएएक्स इंडेक्स 0.41 प्रतिशत की बढ़त के साथ 21,293.53 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

एशियाई बाजारों में भी तेजी का माहौल बना हुआ है। एशिया के सभी 9 बाजारों के सूचकांक बढ़त के साथ हरे निशान में कारोबार कर रहे हैं। गिफ्ट निफ्टी 102 अंक यानी 0.42 प्रतिशत की तेजी के साथ 24,279 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह स्ट्रेट्स टाइम्स इंडेक्स 0.94 प्रतिशत उछल कर 3,830.90 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। ताइवान वेटेड इंडेक्स ने जोरदार छलांग लगाई है। फिलहाल यह सूचकांक 732.16 अंक यानी 3.90 प्रतिशत की मजबूती के साथ 19,525.59 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। इसी तरह निक्केई इंडेक्स 746.34 अंक यानी 2.18 प्रतिशत की बढ़त के साथ 34,966.94 अंक के स्तर पर कारोबार करता नजर आ रहा है।

इनके अलावा हैंग सेंग इंडेक्स 520.01 अंक यानी 2.41 प्रतिशत की तेजी के साथ 22,082.33 अंक के स्तर पर, कोस्पी इंडेक्स 1.55 प्रतिशत उछल कर 2,525.13 अंक के स्तर पर, जकार्ता कंपोजिट इंडेक्स 1.11 प्रतिशत की बढ़त के साथ 6,611 अंक के स्तर पर, सेट कंपोजिट इंडेक्स 0.99 प्रतिशत की तेजी के 1,155.32 अंक के स्तर पर और शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 0.04 प्रतिशत की सांकेतिक मजबूती के साथ 3,301.01 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहे हैं।




### बिजली मंत्री ने नेपाल में अरूण तीन परियोजना की समीक्षा की, सीमा पार पारेषण के लिए किया समझौता



**नई दिल्ली।** केंद्रीय बिजली मंत्री मनोहर लाल ने नेपाल में 900 मेगावाट क्षमता की अरुण-तीन जलविद्युत परियोजना की प्रगति की समीक्षा की। आधिकारिक बयान के अनुसार इस मौके पर नेपाल के ऊर्जा, जल संसाधन एवं सिंचाई मंत्री दीपक खड़का और अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। बयान में कहा गया है कि 'मनोहर लाल ने नेपाल के संखुवासभा जिले में 900 मेगावाट की अरुण-तीन जलविद्युत परियोजना क्षेत्रीय संपर्क बढ़ाने और सतत विद्युत विकास के उद्देश्य से द्विपक्षीय रूप से ऊर्जा के क्षेत्र में उठाये गये महत्वपूर्ण कदमों की समीक्षा की। इस अवसर पर बिजली मंत्री ने बिजलीघर स्थल पर इलेक्ट्रोमैकेनिकल कार्यों का शुभारंभ किया। परियोजना के समय पर पूरा होने की दिशा में यह मील का पत्थर है। बाद में काठमांडू में मनोहर लाल और दीपक खड़का की उपस्थिति में, सार्वजनिक क्षेत्र की पावरग्रिड और नेपाल विद्युत प्राधिकरण (एनईए) के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

# विदेश यात्रा बीच में छोड़कर स्वदेश लौट रहीं वित्त मंत्री सीतारमण



नई दिल्ली

**केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने पहलगाम में मंगलवार को हुए आतंकी हमले के मद्देनजर अमेरिका के अपने आधिकारिक दौरे को छोटा कर दिया है। इस हमले में 26 लोग मारे गए, जिनमें से अधिकांश पर्यटक थे।वित्त मंत्रालय ने बुधवार को 'एक्स' पोस्ट पर बताया कि पहलगाम आतंकी हमले के मद्देनजर केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपना अमेरिकी दौरा छोटा कर दिया है।**

सीतारमण अमेरिका-पेरू की अपनी आधिकारिक यात्रा को बीच में ही समाप्त कर रही हैं। वह इस कठिन और दुखद समय में हमारे लोगों के साथ रहने के लिए जल्द से जल्द उपलब्ध उड़ान से भारत वापस आ रही हैं। सीतारमण ने एक्स पोस्ट में हमले की निंदा करते हुए कहा कि दुख व्यक्त करने के लिए कोई शब्द नहीं हैं। उन्होंने मृतकों के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने लिखा, जम्मू-कश्मीर के पहलगाम से दिल दहला देने वाली खबर है। मैं इस आतंकी कृत्य की निंदा करती हूं।वित्त मंत्री ने लिखा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शब्दों को दोहराती हूं! इस जघन्य कृत्य के पीछे जो लोग हैं, उन्हें न्याय के कटघरे में लाया जाएगा...उन्हें बख्शा नहीं जाएगा! उनका नापाक एजेंडा कभी सफल नहीं होगा। आतंकवाद से लड़ने का हमारा संकल्प अडिग है और यह और भी मजबूत होगा।उल्लेखनीय है कि सीतारमण प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता वाली सुरक्षा पर पांच सदस्यीय कैबिनेट समिति का हिस्सा हैं। प्रधानमंत्री मोदी भी सऊदी अरब की अपनी दो दिवसीय यात्रा को बीच में ही रोक कर स्वदेश लौट आए। सीतारमण अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक की स्प्रिंग मीटिंग्स और जी-20 वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक गवर्नर्स की बैठक में भाग लेने के लिए 20 अप्रैल से संयुक्त राज्य अमेरिका और पेरू की 11 दिवसीय यात्रा पर थीं।

### ज़ुपी को 146 करोड़ का मुनाफा





गेमिंग प्लेटफॉर्म ज़ुपी ने वित्त वर्ष 2023-24 में 146 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया और इस दौरान कंपनी का राजस्व 1123 करोड़ रुपये रहा। कंपनी के संस्थापक ने कहा, वित्त वर्ष 2023-24 हमारे लिए एक ऐतिहासिक साल रहा। हम लाभ में आए, तेजी से बढ़े और हमारे गेम्स हमारी शुरुआती सीमाओं से कहीं आगे के उपयोगकर्ताओं तक पहुंचे। हमने न सिर्फ विकास किया बल्कि भारत में गेमिंग की एक नई श्रेणी भी स्थापित की। हमारी सफलता यह साबित करती है कि संस्कृति से जुड़े गेम सीमाओं और पीढ़ियों से परे जाकर लोगों को जोड़ते हैं। नवाचार, नियमों का पालन और जिम्मेदार गेमिंग को लेकर हमारा फोकस ज़ुपी को भारत के गेमिंग बाजार में एक मजबूत और भरोसेमंद नाम बनाता है।

# अडानी ग्रुप ने टेलीकॉम सेक्टर से खींचे हाथ, 2022 में खरीदा स्पेक्ट्रम एयरटेल को बेचेगा

नई दिल्ली

भारत और एशिया के दूसरे सबसे अमीर गौतम अडानी ने टेलीकॉम सेक्टर से हाथ पीछे खींचने का फैसला किया है। अडानी ग्रुप ने साल 2022 में जो स्पेक्ट्रम खरीदा था, उसे भारती एयरटेल को बेचने का फैसला किया है। अडानी डेटा नेटवर्क्स स्पेक्ट्रम करीब 212 करोड़ में खरीदा था। अब यह स्पेक्ट्रम एयरटेल को मिल जाएगा। अडानी ग्रुप ने कहा था कि वह इस स्पेक्ट्रम का इस्तेमाल अपने निजी इस्तेमाल के लिए करेगा, लेकिन टेलीकॉम विभाग के नियमों के मुताबिक स्पेक्ट्रम खरीदने वाली कंपनियों को कुछ शर्तों को पूरा करना होता है। ऐसा न करने पर जुर्माना लग सकता है।




सुनील भारती मित्तल की अगुवाई वाली कंपनी एयरटेल ने कहा कि भारती एयरटेल और उसकी सहायक कंपनी भारती हेक्साकॉम ने अडानी एंटरप्राइजेज की सहायक कंपनी अडानी डेटा नेटवर्क्स के साथ एक समझौता किया है। इस समझौते के तहत एयरटेल को गुजरात, मुंबई, आंध्र प्रदेश, राजस्थान, कर्नाटक और तमिलनाडु में 26जीएचजेड बैंड का 400 मेगाहर्ज स्पेक्ट्रम इस्तेमाल करने का अधिकार मिलेगा। कंपनी ने यह भी कहा कि यह सौदा कुछ शर्तों और सरकारी मंजूरियों के बाद पूरा होगा।

साल 2022 में अडानी ग्रुप के टेलीकॉम सेक्टर में आने के बाद कई तरह की बातें हो रही थीं। माना जा रहा है कि अडानी ग्रुप वोडाफोन आइडिया जैसी मुश्किलों में फंसी कंपनियों को खरीद सकता है। अडानी ग्रुप ने एयरपोर्ट, सीमेंट, डेटा सेंटर, बिजली और अन्य इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स में आक्रामक तरीके से काम किया है। इसलिए माना जा रहा था कि वह टेलीकॉम और डिजिटल सेक्टर में भी रिलायंस जियो जैसा धमाल कर सकता है। लेकिन अडानी ग्रुप ने कहा कि वह सिर्फ अपने निजी इस्तेमाल के लिए स्पेक्ट्रम का इस्तेमाल करना चाहते हैं। वह एयरपोर्ट से लेकर बिजली और डेटा सेंटर तक अपने व्यापार को सपोर्ट करने के लिए एक प्राइवेट नेटवर्क बनाना चाहता है।

जानकारों का कहना है कि अडानी ग्रुप का फोकस दूसरे बड़े निवेश वाले सेक्टरों पर है। इसलिए उसने टेलीकॉम सेक्टर से बाहर निकलने का फैसला किया। एक जानकार ने कहा कि भारी निवेश और इस बिजनेस में कड़ी प्रतिस्पर्धा के कारण शायद ग्रुप ने इससे दूर रहने का फैसला किया। टेलीकॉम सेक्टर में बहुत पैसा लगाना पड़ता है और कड़ी प्रतिस्पर्धा है। शायद यही वजह है कि अडानी ग्रुप ने अपने कदम पीछे खींच लिए।

# श्रीनगर जाने वाली फ्लाइट्स के किराये पर सरकार की नजर, एयरलाइन कंपनियों को सख्त निर्देश

**मंत्रालय ने एयरलाइन कंपनियों को नियमित किराया स्तर बनाए रखने के दिए निर्देश**

**श्रीनगर से दो नई दिल्ली और दो मुंबई के लिए 4 विशेष उड़ानों की व्यवस्था की गई**

नई दिल्ली

नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने एयरलाइन कंपनियों को यह सुनिश्चित करने को कहा है कि श्रीनगर मार्ग पर हवाई किराये में कोई वृद्धि न हो। मंत्रालय ने कहा कि श्रीनगर के लिए अतिरिक्त उड़ानें भी संचालित की जाएंगी।

नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने जारी बयान में कहा कि केंद्रीय नागर विमाननमंत्री राममोहन नायडू ने कश्मीर में हुए आतंकवादी हमले के मद्देनजर प्रभावित पर्यटकों और पीड़ितों की सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करने के लिए त्वरित कदम उठाए हैं। नागर विमानन मंत्री ने व्यक्तिगत रूप से गृहमंत्री से बात की और संबंधित अधिकारियों के साथ निकट समन्वय बनाए रखते हुए चौबीस घंटे स्थिति की निगरानी कर रहे हैं।

राम राममोहन नायडू ने तत्काल राहत उपायों के रूप में श्रीनगर से 4 विशेष उड़ानें जिसमें दो दिल्ली और दो मुंबई के लिए व्यवस्था की गई है। साथ ही इसके बाद की निकासी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अतिरिक्त उड़ानों को तैयार रखा गया है। उन्होंने सभी एयरलाइन ऑपरेटरों के साथ एक



तत्काल बैठक बुलाते हुए किराया में बढ़ोतरी के खिलाफ सख्त निर्देश जारी करते हुए एयरलाइनों को नियमित किराया स्तर बनाए रखने को कहा गया है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि इस संवेदनशील समय के दौरान किसी भी यात्री पर बोझ न पड़े।

इसके अलावा नायडू ने सभी एयरलाइन कंपनियों को निर्देश दिया है कि वे राज्य सरकारों और स्थानीय प्राधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए, मृतक व्यक्तियों को उनके गृह राज्यों तक पहुंचाने में पूर्ण सहयोग प्रदान करें। नागर विमानन मंत्रालय पूरी तरह सतर्क है और प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उल्लेखनीय है कि दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में एक प्रमुख पर्यटक स्थल पर मंगलवार को आतंकवादियों ने हमला किया था। इस हमले में कम से कम 26 लोग मारे गए और कई अन्य घायल हो गए हैं।

### सुजलॉन को एनटीपीसी से 378 मेगावाट की पवन ऊर्जा परियोजना मिली




**नई दिल्ली।** सुजलॉन को एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी से 378 मेगावाट की पवन ऊर्जा परियोजना मिली है, जिससे उसे एनटीपीसी से मिली कुल क्षमता 1,544 मेगावाट हो गई है। कंपनी ने बुधवार को बयान में कहा कि यह ऑर्डर सुजलॉन के बाजार नेतृत्व और टिकाऊ, बड़े पैमाने पर वृद्धि के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को मजबूत करता है। सुजलॉन ने कहा कि दीर्घकालिक, उच्च प्रभाव वाली साझेदारी के निर्माण पर अपने रणनीतिक ध्यान को आगे बढ़ाते हुए, उसने एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एनजीईएल) के साथ अपनी सबसे बड़ी साझेदारी को 1,544 मेगावाट तक एकीकृत किया है, जिसमें हाल ही में 378 मेगावाट की पवन ऊर्जा परियोजना का ठेका दिया गया है। इस अनुबंध के तहत सुजलॉन 3.15 मेगावाट की रेटेड क्षमता वाले हाइब्रिड लैटिस टावर्स (एचएलटी) के साथ 120 एस144 विंड टर्बाइन जेनरेटर (डब्ल्यूटीजी) की आपूर्ति करेगी और परियोजना के लिए नींव, निर्माण और क्रियान्वयन का काम भी करेगी और रखरखाव और सेवाएं प्रदान करेगी।